भूमिका ।

सहृदय बंधुगण । आज मैं आप के करकमलोंमें यह तीसचौबीसीपूजा पाठ उपस्थित करता हूं। इस ग्रंथ के रचयिता जैनसमाज के सुपरिचित काशी वासी कविवर वृंदावनदासजी हैं । जिनके रचित वृंदावनविलास, वर्तमान चौबीसी पाठ आदि अनेक ग्रंथ प्रचलित हैं इनका जीवनचरित "जैनग्रंथ रत्नाकरकार्यालय मुम्बई" द्वारा मुद्रित वृंदावनविलाश में छप चुका है इसलिये इस संक्षिप्त भूमिका में फिर से इनका जीवन चरित देना उचित नहीं समझा। इसमें लेशमात्र भी संदेह नहीं कि जो कार्य लोकहित की दृष्टि से किया जाता है उस में अधिक सफलता प्राप्त हुये विना नहीं रहती। इससे कार्यकर्ता का अविनाशी यश तो संसार मे फैलता ही है पर लोकोपकार भी अपार होता है। जैन साहित्य की रचना भी लोकोपकार जानकर ही हुई है । अमृतचंद सूरिने पंचाध्यायी के प्रारंभ में बहुत ही ठीक कहा है—

अत्रान्तरङ्गहेतुर्यद्यपि भाव. कवेर्विशुद्धतर. ।
हेतोस्तथापि हेतु साध्वी सर्वोपकारिणी बुद्धिः ॥

अर्थात् यद्यपि कवि (ग्रंथकार) के विशुद्धतर भाव ही किसी ग्रंथ की रचना के लिये प्रधान कारण हैं तो भी संपूर्ण प्राणियों के लिये हितकर विचार ग्रंथकार के परिणामों को अत्यत विशुद्ध बनाने में कारण हैं,अर्थात परोपकार करने वाली बुद्धि ही परिणाम सबंधी विशुद्धी की जननी है " लोकोपकार से प्रेरित होकर ही हमारे पूज्यपाद प्रात. स्मरणीय ऋपि महर्पियों ने और प्रौढ़ प्रतिभाशाली कवियों ने जैन साहित्य को सर्वाङ्गसुन्दर बनाया, पर दु'ख का विपय है कि हमारे उन आचार्य्यों की कृतिआ का जितना आदर और प्रचार होना चाहिये था, जैन समाजकी असावधानता और अदूरदर्शिता से उतना नहीं हुआ,हमारा बड़ा भारी संस्कृत साहित्य हमारे देखते २ नष्टप्राय,तथा लुप्तप्राय हो गया और होता चला जाता है और आगे भी यदि जिन वाणी माता के पुत्र इस ओर पूर्णतया लक्ष न देंगे तो एक दिन वह उपस्थित होगा जबकि उसका नामो-निशान भी सुनने में न आवेगा। पर खुसी की बात है कि कुछ दिन से समाज का ध्यान ग्रथ प्रकाशन की ओर भी आकर्पित हुआ है, दो एक संस्था भी इस ओर अग्रसर हुई हैं और कितने ही कार्यालयों ने भी इस ओर दृष्टि डाली है हम इन सस्था और कार्यालयों की स्थायी सफलता के अभिलापी है।

जो ग्रथ आज आप के सामने है वह एक पुजा पाठ है और छंदोबद्ध है तथा हिन्दी भापा में है। कुछ लोग भाषा के ग्रंथों को अनादर की दृष्टि से देखते हैं, पर हमारी समझ में उनके विचार भ्रममूलक ही कहना चाहिये। क्योंकि-

" भाव अनोखे चाहिये भाषा कोऊ होय "

वास्तव में तो कविता का महत्व कोई भाषा पर निर्भर नहीं है बल्कि भाव पर ही अधिक निर्भर है भाषा की रचना अच्छी होने पर भी, यदि उसमें उत्तम भाव नहीं है तो वह अनुपादेय होती है पर भावपूर्ण रचना किसी भाषा में क्यों न हो सहृदय पाठकों के लिये अवश्य ही वह रोचक होती है। इस ग्रंथ के विषय में भी यही बात युक्तियुक्त है, इसकी कविता ललित और सरस है। इस में शब्दों की सुंदरता के साथ २ भाव संकलन का समावेश कविता की सजीवता का परिचायक है।

इस ग्रंथ में जीवादितत्वों तथा मोक्षमार्ग का मुख्यतया विचार नहीं किया गया है पर ग्रथकारने इस ग्रंथ में भक्तिमार्ग, और उपासनामार्ग तथा अर्चना फल को सचित्र अंकित कर दिया है। आप इस ग्रंथ के किसी छंद को पढ जाइये आप के परिणामों में अवश्य ही एक अनिर्वचनीय फरक हो जायगा।

" देव पूजा " गृहस्थों के छह आवश्यक कर्मों में से प्रथम कर्तव्य है पर समय के परिवर्तन से दूसरे २ कर्तव्यों की तरह हमारा नित्य नैमित्तिक क्रिया-काण्ड भी अस्त प्राय हो गया है। यह बात हमारे लिये कितनी लज्जाजनक है कि जिन जिनेन्द्र भगवान की पूजा के लिये अतुलविभूतियुक्त देवेन्द्र भी हमेशह उत्सुक रहते हैं उन्हीं जिनेन्द्र भगवान की पूजा और प्रक्षाल करने के लिये

पुजारियों को रखना पड़ता है। इससे बढ़कर हमारी शिथिलता का क्या उदाहरण हो सक्ता है।

नित्य नियमादि पुजा पाठ तो सब जगह मिलते हैं और वे मुद्रित भी हो चुके हैं पर ऐसे २ पूजा पाठ प्राय, सब जगह नहीं पाये जाते हैं इसलिये इनके प्राप्त करने में बड़ी दिक्कते उठानी पड़ती है इन्हीं सब बातों को सोचकर भाई दुलीचंदजी ने इसे मुद्रित कराकर इसकी आवश्यकता की पूर्ति की। ग्रंथ का संपादन मैंने भरसक सावधानता पूर्वक किया है, इसके संबंध में मे इतना और कह देना आवश्यक समझता हूं कि "इसका संपादन उसी पुस्तक पर से किया गया है जिसे कविवर ने स्वयं अपने हाथ से लिखी थी"। तो भी इस में प्रमादवश या दृष्टिदोपसे कोई दोप रह गया हो तो विज्ञ पाठक मुझे क्षमा करेंगे। क्योंकि—

गच्छतस्स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः
हसन्ति दुर्जनास्तत्र क्षमां दधति सज्जना'।

३१-१-१७
बनारस

जैनसमाज का दास—
मुन्नालाल जैन
मालथौन [सागर]



नम सिद्धेभ्य·

काशी निवासी कविवर वृंदावनदासजी कृत–

तीसचौबीसी पूजा ।



प्रथम मंगलाचरन ।

दोहा–सिद्धसदन सुखददन जिन, मदनकदन अभिराम ।
विघ्नहरन मंगलकरन, तुम पद सदा प्रणाम ॥१॥
गत आगत वर्तत सकल, तीर्थंकर जगदीश ।
भरतैरावत पचं गिरि, नमों सातसै बीस ॥२॥

अथ मूलश्लोक अनुसार मंगलम् ।

दोहा-भवभयतें भयभीत है, शरणगही प्रभु आय ।
उदाशीन हो भोगतें, यह लखि परसौं पाय ॥३॥

अथ नामावलिस्तोत्र लिख्यते ।

(छद तामरस तथा चण्डी तथा नयमालिनी मात्रा १६) यथा—

तीर्थंकर जिनधीश नमस्ते । जिन षिभु शुद्ध मतीश नमस्ते ।
अकलंको महबोध नमस्ते । जिंष्णु केवली शोध नमस्ते ॥१॥
महानाद महनन्द नमस्ते । विदु उत्तम चिदुनद नमस्ते ।
स्वज्ञ स्वयं प्रभु विष्णु नमस्ते । विद्या ब्रह्म महिष्णु नमस्ते ॥२॥
कामोमेश अनत नमस्ते । शुभ शकर सुगतत नमस्ते ।
भीम अर्द्धनारीश नमस्ते । अंतकजीति धनीश नमस्ते ॥३॥
कर्त्ता हर्त्ता कर्म नमस्ते । स्वय ज्योति जिन पर्म नमस्ते ।
केवलदृग केवली नमस्ते । ईशभूत वच्छली नमस्ते ॥४॥
मृत्युंजय मुखचार नमस्ते । वेदज्ञानि श्रुतिपार नमस्ते ।

वेदकार शुचिधीश ननस्ते । हरि बृहस्पति सदीश नमस्ते ॥५॥
चन्द्रकलाधर ज्येष्ठ नमस्ते । ईशानो वृषभेष्ठ नमस्ते ।
द्वादशात्म श्रीमान नमस्ते । विधुःसुधी जिनधान नमस्ते ।
जै कोविद श्रीकंठ नमस्ते । आतमभू निरगाथ नमस्ते ।
रज्यभूव श्रेष्ठाय नमस्ते । जै जै जै जैदाय नमस्ते ॥७॥
कमलाशन ध्येभूव नमस्ते । गीतभित्त माधूव नमस्ते ॥
स्वामिबास वसुलांछ नमस्ते। सुग निरंजन निःकांछ नमस्ते ॥
निरअम्बर निररेक नमस्ते। निकल त्रिमल शांतिक नमस्ते ।
भववर्जित सुमतीय नमस्ते । चेतन चिद्रूपीय नमस्ते ॥
महउत्तमचेता सु नमस्ते । विद्मान्यो नेता सु नमस्
निगुण अकरता धीर नमस्ते । मत्सर मनमथचीर

---

१ सुख देने वाले । २ भूतकाल सम्बन्धी । ३ भ
कालके । ५ महाबोध । ६ कर्मोका जीतने वाला ।
जीतने वाली । ९ वात्सल्य युक्त ।

शोद्धिभर्त वृषकर्तृ नमस्ते । धर्मचक्रि वृषभर्तृ नमस्ते ।
बीतराग निरहार नमस्ते । मूलमागकर्तार नमस्ते ॥११॥
त्रिधाज्ञान सिद्धांत नमस्ते । शुभयः स्याद्वादांत नमस्ते ।
विधिवेत्ता वादीश नमस्ते । द्वैताद्वैत मुनीश नमस्ते ॥१२॥
सुनयोवर बोधक्ष नमस्ते । दो प्रमाण नय वक्ष नमस्ते ।
ऐकांतिक मतटार नमस्ते । सकल पाप परिहार नमस्ते ॥१३॥
घत्ता–जो नर तिरकालं नामविशालं यह शत आठ सुपाठ करै ।
सो जिन पदसारं लहि अविकारं शुक्त भुक्त जुत मुक्त वरै ॥१४॥

इति पठित्वा प्रणामं कृत्वा मंडलायामे मध्यभागे स्थापितकमलास्योपरि-पुष्पाञ्जलिं क्षपेत्।

अथ प्रथमजम्बूद्वीपे पूर्वापरविदेहे सीमंधर-जुगमंधर-बाहु-सुबाहु-चतुर्विंद्यमान-तीर्थंकरपूजा प्रारभ्यते ।

दोहा—सुर सुरपति पूजत सदा, विहरमान जिनचार ।
आदि मेरु सुविदेह में, थापौं भव भय टार ॥१॥

ॐ ह्रीं सीमंधरादिचत्वारः जिनाः अत्रावतरत अवतरत संवौषट् ।
ॐ ह्रीं सीमंधरादिचत्वारः जिनाः अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः ।
ॐ ह्रीं सीमंधरादिचत्वारः जिनाः अत्र मम सन्निहिताः भवत भवत वषट् ।

तोटक छंद—

जल उज्जल निर्मल गंध मई । प्रभु अग्र समग्र सुधार दई ॥
गिरिआदिय विद्य विदेहनिमें । जजिहौं जिनचारिसु गेहनिमें ॥१॥

ॐ ह्रीं सीमंधर-युगमंधर-बाहु-सुबाहु-तीर्थंकरेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जल निर्वपामि [इति स्वाहा] ॥ १ ॥

हरिचंदन केदलिनंदनलै । पद पूजनतैं दुख दंद टलै ॥गिरि०॥२॥

ॐ ह्रीं सीमंधर-युगमंधर-बाहु-सुबाहु-तीर्थंकरेभ्यो भवतापविनाशनाय चन्दनं निर्वपामि ॥२॥

ॐ ह्रीं श्रीयुगमंधराय अर्घ निर्वपामि ॥ २ ॥

सीतोदा दच्छिन गिरि आद । बाहुधरैं मृगलच्छन पाद ।
बिजया मातु पिता सुग्रीव । जजौं सुसीमा नगर अतीव ॥

ॐ ह्रीं श्रीबाहुजिनाय अर्घ निर्वपामि ॥ ३ ॥

सीतोदा उत्तर गिरि आद । श्री सुबाहु कपिलच्छ अवाद ।
निशिढिलराय सुनंदामात । जजौं अजोध्या जगविख्यात ॥

ॐ ह्रीं श्रीसुबाहुस्वामिने अर्घ निर्वपामि ॥ ४ ॥

पूरन अर्घ बनायो रुष्ट । जजौं चरन चहुंजिनगुन पुष्ट ।
मिटै विघ्न दुख दारिद दुष्ट । प्रगटै पर्म शर्म शिव सुष्ट ॥

ॐ ह्रीं सीमधर-युगमंधर-बाहु-सुबाहु-तीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घं निर्वपामि ॥५॥

अथ जयमाला—

छंदरथोद्धता (वर्ण ११)

तीरथेश गुणधेश देवही । इंद चंद गन इंद सेवही ॥

वर्त्तमान सुविदेह वासकी । आदिमेरु जयमाल तासकी ॥१॥

छंद पद्धडी (लघ्वत मात्रा (१६)

जय श्रीमंधर जुगमंधरेश । जय बाहु सुबाहू तीरथेश ॥
गिरि प्रथम पुव्व पच्छिम बिदेह । ता माहि विराजतु हैं अवेह॥२॥
धनु पंच शतक तन उच्च सुच्च । थिति कोटि पुव्वकी है समुच्च ।
है केवलज्ञान विराजमान । जुतसमवशरन रचना महान ॥३॥
सुरनर खग पूजत चरन आन । गुन गान करत बहुभगत ठान ।
जहँ बानी खिरत त्रिकाल सार । भवि सुनत लहत आनँद अपार॥४॥
जहँ जिन गुनमें मुनि होय मग्न । शिवसम्पति लेकरि कर्मभग्न
शिव नगर डगर नित चलत जत्र । हैं सकल शलाके पुरुष तत्र ॥५॥
उतकृष्ट काल चौथो सदीव । जहँ वरततु है आनँद अतीव ।
प्रभु करत विहार जहाँ पुनीत । जुत समवशरन चवघाति जीत ॥६॥
गनधर आदिक चवसंघजुक्त । सो धन्यक्षेत्र वैदेह शुक्त ।
मैं जाचतु हौं तुमसों दयाल । भव सागरतें मोकौं निकाल ॥७॥

मति ढीलकरो करुनानिधान । यह अरज हमारी सुनहु कान ।
संसार कष्ट चकचूर चूर । आनंद अनूपम पूर पूर ॥८॥

घत्ताछद–

जय श्री जिननायक, गुनगनछायक, विघ्नविनायक, हौ सबही ।
"वृंदावन" ध्यावत, नितगुनगावत, वांछितपावतु है अबही ॥

ॐ ह्रीं सीमधर-युगमधर-बाहु-सुबाहु-तीर्थंकरेभ्यो महार्घं निर्वपामि ।

दोहा–प्रथम सुदर्शन मेरुके, विहरमान जिनचार ।
जो पूजै सो सकल सुख, लहै अनेक प्रकार ॥

इत्याशीर्वादः (पुष्पांजलिंक्षिपेत्)

इति प्रथममेरु पूजा समाप्ता ॥१॥

अथ जम्बूदीपभरतक्षेत्रस्थवर्त्तमानचतुर्विंशति । पूजा प्रारभ्यते ।

छंद लोलतरग (वर्ण ११)

श्रीवृपभादि जिनेसुर सारं । चौविस राजतु हैं अविकारं ।
थापतु हौं पदपूजन हेता । दुःख विनाशि सबै सुख देता ॥

ॐ ह्रीं श्रीवृपभादिवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनसमूह अत्रावतर अवतर संवौषट् ।

ॐ ह्रीं श्रीवृपभादिवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनसमूह अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ।

ॐ ह्रीं श्रीवृपभादिवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनसमूह अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् स्वाहा ।

अष्टक ।

छंद लोलतरंग-(वर्ण ११)

नीरग हीर भरी हिमझारी । धार करों त्रयताप निवारी ।
आदि गिरिंद जिनिंद जितवा । वर्त्तत भर्त्त करों तसु सेवा ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीवृपभादिवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेभ्यो जल निर्वपामि ॥ १ ॥

चन्दन केशर कदली नंदा लैवासिपूजिनशै दुखदंदा ॥आदि०॥२॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिचतुर्विंशतिजिनेभ्यश्चन्दनं निर्वपामि ॥ २ ॥

तंदुल मंदुल[1] पुंजधरीजै । सुंदर सार अखै सुख लीजै॥आदि०॥३॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिचतुर्विंशतिजिनेभ्यो अक्षतान् निर्वपामि ॥ ३ ॥

केतुकि आदि प्रसून[2] चढ़ावो । शूलनिमूल सुशील बढ़ावों आ०॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिचतुर्विंशतिजिनेभ्यः पुष्प निर्वपामि ॥ ४ ॥

नेवज सुंदर अर्पण कीजे । हे प्रभु मोहि निराकुल[3] दीजे ।आदि०।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादिचतुर्विंशति-जिनेभ्यो नैवेद्य निर्वपामि ॥ ५ ॥

दीप उदोत करूं तुम आगै ।नाशिविमोह सुबोध सु जागै।आदि०।

ॐ ह्रीं श्री वृषभादिचतुर्विंशतिजिनेभ्यो दीप निर्वपामि ॥ ६ ॥

धूप हुताशन माहिं उखेवों । कर्मजराय निजातम वेवों।आदि०॥७॥

ॐ ह्रीं वृषभादिचतुर्विंशतिजिनेभ्यो धूपं निर्वपामि ॥ ७ ॥

---

१ उज्वल । २ फूल । ३ जिसमें आकुलता नहीं ऐसा मोक्ष ।

भेटधरौं फल प्रासुकलाई। द्यो शिवनग्रतनी ठकुराई ॥आदि० ॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिचतुर्विंशतिजिनेभ्यः फलं निर्वपामि ॥ ८ ॥

अर्घ बनायचढ़ावहुं स्वामी। वेगकरो हमकों शिवगामी ।आदि०।९।

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिचतुर्विंशतिजिनेभ्यो अर्घ निर्वपामि ॥ ९ ॥

प्रत्येक अर्घ ।

रूपचौपाई ॥ मात्रा १६ ॥

नाभिनंद वृषलच्छन धारी । कनक वरन कौशल अवतारी ।
पांच शतक धनु तुंगशरीरा । जजौं भरत वरतत यह धीरा ॥१॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभाय अर्घं निर्वपामि ॥ १ ॥

विजय मातु सुत सुवरन वरना । तनुधनु साढ़चार शतधरना ।
वंश इक्ष्वाकु अजित गज चरना । जजौं भरत यह आनंद भरना।२।

ॐ ह्रीं श्री अजिताय अर्घं निर्वपामि ॥ २ ॥

श्रावस्ती दिढ़रथके नंदा । चार शतक धनु कनक अमंदा ।

संभव वाजि चिहन पग धरना । जजौं भरत यह आनंद भरना ३

ॐ ह्रीं श्री संभवाय अर्घं निर्वपामि ॥ ३ ॥

सिद्धारथ सुत कौशलधनी । कपिलञ्छन अभिनंदन तनी ॥
वंशीक्ष्वाकु कनक तनु वरना । जजौं भरत यह भवभय हरना ॥४॥

ॐ ह्रीं श्री अभिनंदनाय अर्घं निर्वपामि ॥ ४ ॥

वंश इक्ष्वाकु मेघरथनंदन । कोकाचिहन तन कनक अमंदन ।
सुमति तीनशत तनुधनु धरना । जजों भरतयह त्रिभुवन शरना॥५

ॐ ह्री श्री सुमतिनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥ ५ ॥

धारन पिता सुक्षीमा माता । कौशांबी छवि पद्म विख्याता ।
धनुषतुग ढाईसौ वरना । जजों भरत यह भवसरतरना ॥६॥

ॐ ह्री श्री पद्मप्रभाय अर्घं निर्वपामि ॥ ६ ॥

---

१ अनुभवन करों, जानो । २ जीव जन्तु राहित-शुद्ध । ३ अजोध्या ।

सुपरतिष्ठ 'पृथिवीदे' माय । हरित वरन दो सौ धनुकाय ॥
जिनसुपास काशी अवतरना । जजौं भरत यह अघअरि हरना ।७।

ॐ ह्रीं श्रीसुपार्श्वनाथाय अर्घं ॥७॥

मातु लछमना पितु महसेन । चंद चंद तन दुति सुखदेन ॥
डेढ़ शतक धनु तनु शशि चरना । जजौं भरत यह भवतप हरना ८

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनाय अर्घं निर्वपामि ॥ ८ ॥

नृप सुग्रीव रमासुत सुन्दर । कुंदवरन तन विनत पुरंदर ॥
पुष्पदंत तनु धनु शत वरना । जजौं भरत यह आनंद भरना ॥९॥

ॐ ह्रीं श्रीपुष्पदन्ताय अर्घं ॥ ९ ॥

राजभद्रपुर दिढरथ नंदन । नब्बेचाप तन दुति अभिनंदन ॥
शीतल चिन्ह कलप तरु चरना । जजौं भरत कह दारिद दरना १०

ॐ ह्रीं श्रीशीतलाय अर्घं ॥ १० ॥

विष्णुतात विष्णुश्रीमाता । तनकन चाप असी विख्याता ॥
श्रेय सिंघपुर पातक हरना । जजौं भरत यह विपत विदरना ॥११॥
ॐ ह्रीं श्रीश्रेयांसनाथाय अर्घं ॥११॥

चंपापुर वसुपूज नरेसुर । बासुपूज जिन जजत सुरेसुर ॥
सत्तर धनुतनु मानिक वरना । जजौं भरत यह आतम तरना॥१२॥
ॐ ह्रीं श्रीवासुपूज्यनाथाय अर्घं ॥१२॥

नगर कंपिला सौर्य नरेश । कनक काय धनु साठ धरेश ॥
विमल बराह चिहन पगधरना । जजौं भरत यह आनँद भरना ।१३।
ॐ ह्रीं श्रीविमलाय अर्घं निर्वपामि ॥१३॥

सिंहसेन नृप सुव्रत माय । नगर अजोध्या सुवरन काय ॥
धनु पँचास अनँत सुख धरना । जजौं भरत यह भवदधि तरना।१४।
ॐ ह्रीं श्रीअनंतनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥१४॥

भानुपिता सुप्रभदे मात । रतनपुरी जांबूनद गात ॥
धनु पैंताल धरम तनु धरना । जजों भरत यह तारन तरना ॥१५॥
ॐ ह्रीं श्रीधर्मनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥१५॥

विश्वसेन ऐरादे मात । जनमें शांति नागपुर ख्यात ।
चालिस धनु तन त्रय पद धरना । जजों भरत यह आनँद भरना ॥
ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥१६॥

शूरसेन सुत मित्रा माय । छाग चिन्ह धनु पैंतिस काय ।
कुंथ हस्तनापुर कनवरना । जजों भरत यह त्रिभुवन शरना ॥१७॥
ॐ ह्रीं श्री कुंथनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥१७॥

तात सुदरसन प्रभवति माता । हस्तनाग कुरुवंश त्रिख्याता ।
तीसचाप तन अर आरिहरना । जजों भरत यह आनँद भरना ॥१८॥

१ सोना । २ हस्तनागपुर ।

ॐ ह्रीं श्री अरहनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥१८॥

पद्मावति तिय कुंभ नरेसुर । मिथुलेसुर श्रीमल्लिजिनेसुर ।
धनुपचीस तन हाटक वरना । जजौं भरत यह मनमल्लहरना ॥१९॥

ॐ ह्रीं श्री मल्लिनाथाय अर्घं निर्वपामि १९॥

राजग्रह वप्रासुत सुन्दर । श्रीमुनिसुव्रत धरम धुरंधर ।
वीसचाप कच्छप पग धरना । जजौं भरत यह आनँद भरना ॥२०॥

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥२०॥

मिथुल नगर विजयारथ नंदा । नामि सुहेम तन आनँद कंदा ।
कमल चिह्न पंद्रह धनुवरना।जजौं भरत यह आनँद भरना॥२१॥

ॐ ह्रीं श्री नमिनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥२१॥

समुदविजय शिवदेवी नंदन । नेमि नीलतन शंख सुछंदन ॥
तन धनु दश द्वारावति वरना । जजौं भरत यह तारन तरना ॥२२॥

ॐ ह्रीं श्री नेमिनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥२२॥

विश्वसेन वामादे जननी। तनुदुति हरित हाथ नव गननी॥
काशी पार्श्वनाथ अवतरना। जजौं भगत यह आनँद भरना॥२३॥

ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥२३॥

सिद्धारथ त्रिशलादे माता। कुंडनग्र हरि चिहन विख्याता॥
सातहाथ तन सनमति धरना। जजौं भगत यह तारन तरना॥२४॥

ॐ ह्रीं श्री वर्द्धमानाय अर्घं निर्वपामि ॥२४॥

दोहा—वृषभादिक चौवीस जिन, वरतमान यहि थान।
पूजौं पूरन अरघसौं, देत विमल कल्यान॥१॥

ॐ ह्रीं श्री वृषभादिमहावीरान्तेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामि।

जयमाला।

दोहा—गुन अनंत भगवंत तुव, को करि सकै बखान।

---

१ तीर्थंकर, चक्रवर्ती और कामदेव। २ हस्तनागपुर। ३–४ सोना।

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभरतातीतचतुर्विंशतिजिन अत्रावतर अवतर संवौषट् ।

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभरतातीतचतुर्विंशतिजिन अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ।

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभरतातीतचतुर्विंशतिजिन अत्र मम सन्निहितभव भव वषट् स्वाहा ॥

अष्टक ।

मोतीदाम छंद–

लिया भर झारिय निर्मल नीर । करौं त्रयधार हरो भवपीर ॥
सुदर्शन भर्त्ततनें गत एव । जजौं नित चौविस श्रीजिनदेव ॥१॥

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभरतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो, जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामि ।

सुगंध घँसाय पवित्र अपार । चढ़ाय हरौं भवताप विकार ॥
सुदर्शन भर्त्ततने गत एव । जजौं नित चौविस श्रीजिनदेव ॥२॥

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभरतातीतचतुर्विंशतिजिनभ्यो सुगन्धं ॥२॥

अखंडित तंदुल पुंज धरंत। सबै दुख दरिद चूरिकरंत ॥
सुदर्शन भर्त्ततने गत एव। जजौं नित चौविस श्रीजिनदेव॥३॥
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभरतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो अक्षत ॥३॥

प्रसून सुरद्रुम आदिअनेक। चढ़ाय हरों सरमूल तितेक ॥
सुदर्शन भर्त्ततने गत एव। जजौं नित चौविस श्रीजिनदेव॥४॥
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभरतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो पुष्पं ॥४॥

छहोंरस पूरित नेवज लाय। चढ़ावत रोग छुधा नाशिजाय ॥
सुदर्शन भर्त्ततने गत एव। जजौं नित चौविस श्रीजिनदेव॥५॥
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभरतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो नैवेद्यं ॥५॥

प्रकाशित दीप धरों ढिग लेय। प्रभूमोहि ज्ञानसु केवल देय ॥
सुदर्शन भर्त्ततने गत एव। जजौं नित चौविस श्रीजिनदेव ॥६॥
ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभरतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो दीपं ॥६॥

सुखेवत धूप सुगंधित पर्म । ततच्छन दुष्ट जरैं वसुकर्म ॥
सुदर्शन भर्त्ततने गत एव । जजौं नित चौविस श्रीजिनदेव ॥७॥

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभरतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो धूपं ॥७॥

अदोषितलेफलसुंदरएव । धरोढिगद्यौशिवहे जिनदेवलं सुदर्शन०॥

ॐ ह्रीं सुर्दशनमेरुभरताती तचतुर्विंशतिजिनेभ्यो फलं ॥८॥

चढ़ावतअर्घप्रमोदसमेत । अनर्घ पदस्थततच्छनदेत सुदर्शन०॥

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुभरतानीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो अर्घं ॥९॥

अथ प्रत्येकार्घ ।

पाईता छंद-(मात्रा १४)

निरवान जिनेसुर ध्यावों । निरवान सुथानक पावों ॥
यह जंबूभारत सुंदर । नितंतीत जजंति पुरंदर ॥

ॐ ह्रीं श्रीनिर्वाणाय अर्घं निर्वपामि ॥१॥

भवसागर तारन हारे । जिन सागर पर्म उदारे । यह० ॥

ॐ ह्रीं श्रीसागराय अर्घं निर्वपामि ॥२॥

नित साधु सुध्यावतजाकों। जिन साधु नमों नित ताकों। यह

ॐ ह्रीं श्री महासाधवे अर्घं निर्वपामि ॥३॥

मल वर्जित श्री विमलेशा। नित दायक सौख्य असेशा ।यह० ॥

ॐ ह्रीं श्री विमलप्रभाय अर्घं निर्वपामि ॥४॥

शुद्धाभ विशुद्ध सरूपी । मति शुद्ध करैं शिव भूपी । यह० ॥

ॐ ह्रीं श्री शुद्धाभाय अर्घं निर्वपामि ॥५॥

जुग श्रीधर श्रीधर स्वामी । भवि श्रीकरतार नमामी ।यह०॥

ॐ ह्रीं श्रीधराय अर्घं निर्वपामि ॥६॥

सब जीव मित्रता दाता । जिन दत्तनाथ विख्याता । यह०॥

ॐ ह्रीं श्रीदत्तनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥७॥

---

१ अतीत-भूतकाल सम्बन्धी ।

अमलप्रभ नाम जिनेशा । मल नाश कियोजुअसेशा ।यह०॥
ॐ ह्रीं श्री अमलप्रभाय अर्घं निर्वपामि ॥८॥

जग जंतु अनंत उधारे । प्रभु उद्धरनाथ हमारे । यह० ॥
ॐ ह्रीं श्री उद्धराय अर्घं निर्वपामि ॥९॥

कर्मेंधन भस्म करैया । जिन अग्निनाथ सुखदैया । यह०॥
ॐ ह्रीं श्री अग्निनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥१०॥

वरछायक संजम दाता ! जिन संजमनाथ विख्याता । यह० ॥
ॐ ह्रीं श्री संयमाय अर्घं निर्वपामि ॥११॥

सुर पुष्पांजलि पद देवैं । जिन पुष्पांजलिकों सेवैं॥ यह० ॥
ॐ ह्रीं पुष्पाजलिने अर्घं निर्वपामि ॥१२॥

नाना गुन गन भंडारी । शिव गुणा अधिपति भौतारी । यह० ॥
ॐ ह्रीं शिवगुणाधिपाय अर्घं निर्वपामि ॥१३॥

अरि चूरे जुत उतसाहा । शिवधाम लहे उतसाहा । यह०॥

ॐ ह्रीं उत्साहाय अर्घं निर्वपामि ॥१४॥

जिन ज्ञान विज्ञान बताई । जिन ज्ञाननेत्र सुखदाई । यह० ॥

ॐ ह्रीं ज्ञाननेत्रायार्घं निर्वपामि ॥१५॥

जुत परमैश्वर्य विराजे । परमेसुर श्री जिनराजे । यह० ॥

ॐ ह्रीं श्री परमेश्वराय अर्घं निर्वपामि ॥१६॥

विमलेसुरकों उर ध्यावों । गुन निर्मल आतम पावों । यह० ॥

ॐ ह्रीं श्री विमलेश्वराय अर्घं निर्वपामि ॥१७॥

गुन सकल जथारथ धारी । जय श्री जथार्थ भव तारी । यह०॥

ॐ ह्रीं श्री यथार्थाय अर्घं निर्वपामि ॥१८॥

जसरास लोकमँह छायो । सुजशोधर देव कहायो । यह० ॥

ॐ ह्रीं श्री यशोधराय अर्घं निर्वपामि ॥१९॥

कलिकर्म कलंकनि चूरे। जिनकृष्णा स्वच्छगुनपूरे। यह० ॥

ॐ ह्री श्रीकृष्णाय अर्घं निर्वपामि ॥२०॥

वर केवल सन्मति दाता। जिन ज्ञानमती जगताता। यह० ॥

ॐ ह्रीं श्रीमतिज्ञानाय अर्घं निर्वपामि ॥२१॥

सुविशुद्धमती जिननामी। सुविशुद्धि दायक स्वामी। यह० ॥

ॐ ह्री श्रीविशुद्धमतये अर्घं निर्वपामि ॥२२॥

श्री भद्रनाम जिन जनों। गुनसार[1]थीक उर आनों। यह० ॥

ॐ ह्रीं श्री भद्राय अर्घं निर्वपामि ॥२३॥

शुभ शांति करैं जगमाहीं। जिन शांति सुशान्ति दाहीं। यह०॥

ॐ ह्रीं श्री शांतिजिनाय अर्घं निर्वपामि ॥२४॥

सोरठा—मेरु सुदरशन सार, भरततीत चौबीस जिन।
जजौं भरत भरतार, पूरन आनंद दीजिये ॥

१ चारों प्रकार के देव।

ॐ ह्री श्री भरतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामि ।

जयमाला ।

लोलतरंग छंद—

श्रीमततीत जिनेसुर देवा । सेवतु हैं सुर चारिउ भेवा ॥
जम्बुव भारततीत विशाला । तासतनी जयमाल रसाला ॥१॥

तोटक छन्द—

निरवानकरं निरवान जिनं । सुख सागर सागर नाम गिनं ॥
क्ति साधुनतं जिन साधुमहा । विमलप्रभ भाव पुनीत लहा ॥२॥
जिन शुद्धअभा भवदाघ हर । जिन श्रीधर नित्य सुश्रीयकर ॥
जिनदत्त सदा शुभ कर्म करैं । अमल प्रभ कर्म कलक हरैं ॥३॥
जगजंतु उधारन उद्धरनं । अरि इंधन अग्नि जिनं शरन ॥
जिन संजम संजम दायक हैं । पुहपांजलिजी शिवलायक हैं ॥४॥
शिवराज गणाधिप सुंदर हैं । उतसाह नमत पुरंदर हैं ॥
जिन ज्ञान सुनैन अमंदित हैं । परमेसुर सत सुर बंदित हैं ॥५॥

। चंदन केदलीनंदन सीर । घॅासिकर जजत हरत भवपीर ॥
हरो भव पीर । जै जै जिनवर गुन गंभीर ॥ जम्बूभरतभ० ।
ॐ ह्रीं जम्बुभरतभावीजिनेभ्यश्चंदनं निर्वपामि ॥२॥

शुक्त मुक्त जनु तंदुल हीर । पुंज धरत दारिद दुख चीर ॥
हरो भवपीर । जैजै जिनवर गुन गंभीर ॥ जम्बूभरतभ० ।
ॐ ह्रीं जम्बूभरतभावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यो अक्षतान् निर्वपामि ॥३॥

सुमन सुमन सम सुमन धेरत । समर सूल निरमूलन हेत ॥
हरो भवपीर । जैजै जिनवर गुन गंभी॥ जम्बूभरतभ०
ॐ ह्रीं जम्बूभरतभावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यः पुष्पं निर्वपामि ॥४॥

नव्य गव्य रसरंजित सार । जजत चरन प्रभु आकुलटार ।
हरो भवपीर । जैजै जिनवर गुन गंभीर ॥ जम्बूभरतभ० ।
ॐ ह्रीं जम्बूभरतभावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामि ॥५॥

दीपक जोत उदोत करंत । आरति करत मोहतम अंत ॥
हरो भव पीर । जैजै जिनवर गुन गंभीर ॥ जम्बूभरतभ० ।

ॐ ह्रीं जम्बूभरतभावीजिनेभ्यो दीपं निर्वपामि ॥६॥

खेवों धूप उड़े यह धूम । करत भरम जरि उड़े सुधूम ॥
हरो भवपीर । जैजै जिनवर गुन गंभीर ॥ जम्बूभरतभ० ।

ॐ ह्रीं जम्बूभरतभावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यो धूपं निर्वपामि ॥७॥

प्राशुक फल कल वर्जित लाय । हरत विघन जिनचरन चढ़ाय ॥
हरो भवपीर । जैजै जिनवर गुन गंभीर ॥ जम्बूभरतभ० ।

ॐ ह्रीं जम्बूभरतभावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यो फलं निर्वपामि ॥८॥

परम पुनीत धरों ढिग अर्घ । वेग देहु पद मोहि अनर्घ ॥
हरो भवपीर । जैजै जिनवर गुन गंभीर ॥ जम्बूभरतभ० ।

ॐ ह्रीं जम्बूभरतभावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यो अर्घं निर्वपामि ॥८॥

प्रत्येक अर्घ।

मोतीदाम छंद (वर्ण १२)

समन्वित पद्म उभै परकार। महावर पद्म जिनेश्वर सार॥
अनागत जम्बुव भारत थान। जजों जिन भव्य सरोरुह भान॥
ॐ ह्रीं महापद्माय अर्घं निर्वपामि ॥१॥

सबै सुर सेवत सूरजिनिंद। अतत्त्वच्छपातमकों दिनं इंद॥
अनागत जम्बुव भारत थान। जजों जिन भव्य सरोरुह भान॥
ॐ ह्रीं सूरदेवाय अर्घं निर्वपामि ॥२॥

प्रभा भुवि मंडित सुप्रभ देव। प्रबोधक भव्य भजो वसु भेव॥
अनागत जम्बुव भारत थान। जजों जिन भव्य सरोरुह भान॥
ॐ ह्रीं सुप्रभाय अर्घं निर्वपामि ॥३॥

---

१ अतत्त्वरूपी रात्रिके अंधकारका। २ सूर्य।

स्वयंप्रभ देव स्वयं मतिवंत । स्वयं सरवज्ञ स्वयं भगवंत ॥
अनागत जम्बुव भारत थान । जजों जिन भव्य सरोरुह भान ॥

ॐ स्वयंप्रभाय अर्घं निर्वपामि ॥४॥

छंद तोटक (प्रस्तार० ॥ऽ॥ऽ॥ऽ॥ऽ॥ एवं वर्ण १२)

सरवायुध आयुध ज्ञान धरैं । अरि कर्म ततच्छन चूरि करैं ॥
यह जंबुव भारत आगत है । तिनकों जजतें मन पागत है ॥

ॐ ह्रीं सर्वायुधाय अर्घं निर्वपामि ॥५॥

जगदेव जगत्रय नायक हैं । त्रिजगद्गुरुजी सब लायक हैं ॥यह०

ॐ ह्रीं जगदेवाय अर्घं निर्वपामि ॥६॥

विसदोदय देव प्रनाम करों । विसदोदय दायक ध्यान धरों ॥यह०

ॐ ह्रीं उदयदेवाय अर्घं निर्वपामि ॥७॥

रविकोटि प्रभा जहँलाजतु है । सुप्रभा जिनको छवि छाजतु है ॥यह०

ॐ ह्रीं प्रभादेवाय अर्घं निर्वपामि ॥८॥

उदकेस जिनेश देयाकित हैं। सुमतेस महेश निशांकित हैं॥यह०

ॐ ह्रीं उदकाय अर्घं निर्वपामि ॥९॥

जिन प्रश्न सुकीरत ध्यान धरों। सब संशय भर्म प्रहारकरों॥यह०॥

ॐ ह्रीं प्रश्नकीर्तये अर्घं निर्वपामि ॥१०॥

जसुकीरतसार जगत्त उदै। उदये वर कीरत नाम लहै॥यह०

ॐ ह्रीं उदयकीर्तये अर्घं निर्वपामि ॥११॥

जय वर्तत जास त्रिलोक विषें। जयवर्त जिनेश नमामि शिषें॥यह०

ॐ ह्रीं जयकीर्तये अर्घं निर्वपामि ॥१२॥

छद रथोद्धता (प्रस्तार० SISIIISISIS वर्ण ११) यथा—

ज्ञान केवल प्रकाश के सही। पूर्ण बुद्धि भवितारि हैं यही॥

---

१ इस पूजा में ११ वें तीर्थंकर उदयकीर्ति है सोसंस्कृतपाठमें यह नाम है। इसके बदले में संस्कृत पाठमें १६ वें तीर्थंकर निर्मलजी अधिकार हैं।

पूजि हों सुजिन होनहार हैं। जंबु भारत विषैं उदार हैं ॥

ॐ ह्रीं पूर्णबुद्धाय अर्घं निर्वपामि ॥१३॥

निःकषाय विषयादि तीत हैं। निःकषाय निरद्वंद भीत हैं ॥पूजिहों०

ॐ ह्रीं निःकषायाय अर्घं निर्वपामि ॥१४॥

कर्म भर्म मल छै अशेष हैं। सो जिनेश विमले सुभेस हैं ॥पूजिहों०

ॐ ह्रीं विमलप्रभाय अर्घं निर्वपामि ॥१५॥

जासकौ अतुलहै प्रभावना। सो जिनंद बहुलेश ध्यावना ॥पूजिहों०

ॐ ह्रीं बहुलाय अर्घं निर्वपामि ॥१६॥

है विचित्र त्रय गुप्त जास के। चित्रगुप्त नमि पादतासके ॥ पूजिहों०

ॐ चित्रगुप्ताय अर्घं निर्वपामि ॥१७॥

हैसमाधि सुखगुप्त सारजी। सो समाधि जिन गुप्त धारजी ॥पूजिहों०

ॐ ह्रीं समाधिगुप्ताय अर्घं निर्वपामि ॥१८॥

श्री स्वयंभुव प्रनाम मैं करों। तासके सुगुन दामही धरों ॥पूजि हों०

ॐ ह्रीं श्री स्वयंभुवे अर्घं निर्वपामि ॥१९॥

जिनके कल्यानक माहि आय। सुर चतुर निकायक जजैं पाय ॥५॥
मैं वदतु हों मन वचन काय। पूजों पद आठो दरवलाय ॥
तुम भगत करों नाटक मचाय। द्रिम द्रिम द्रिम द्रिम मादल बजाय६
तुम तारन तरन हरन कलेश। जै जै जै जै जै जै जिनेश ॥
भव सकट दूर करो दयाल। "वृंदावन" वंदतु हैं त्रिकाल ॥७॥

घत्ताछद–

जै मेरु सुदरशन, आनँदवर्पन, भरत अनागत देववरा।
जिननाथ नमामिय, चित्तधरामिय, ज्यों शिवपामिय विघ्नहरा ॥

ॐ ह्रीं जबुभरतभावीजिनसमूहेभ्यो महार्घ निर्वपामि ॥

सोरठा–जो पूजै मनलाय, जंबूभरत भाविष्य जिन।
सो भवि सुरपुर पाय, अमल अचल शिवपुर लहै ॥१॥

इत्याशीर्वादः।

इति जंबूद्वीपभरतभावीचतुर्विंशतिजिनपूजा समाप्ता ॥३॥

अथ जंबूद्वीपैरावतवर्तमानचतुर्विंशति
जिन पूजा लिख्यते ।

वसंततिलका छंद-(वर्ण १४)

जंबू सुउत्तरविषें वरक्षेत्र छाजे । ऐरावतख्यतित वर्त्तत श्रीसमाजे ।
श्रीबालचन्द्र जिन आदि समस्त देवा ।
थापौं यहां त्रिविध नाथ करों सु सेवा ॥

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपैरावते वर्तमानचतुर्विंशतिजिना अत्रावतरत अवतरत संवौषट् ।
ॐ ह्रीं जंबूद्वीपैरावते वर्तमानचतुर्विंशतिजिना अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठःठः ।
ॐ ह्रीं जंबूद्वीपैरावते वर्तमानचतुर्विंशतिजिना अत्र मम सन्निहिताःभवत भवत वषट्

अथाष्टक ।

नाराच छंद-(वर्ण २८)

सुजान्हवीय वारि हेमभ्कारिमें भरों सही ।
त्रिधार देत हों प्रभू हरो त्रिरोग सो गही ।

जजामि जंबू उत्तरे जिनेश वर्त्तमान जी ।
सुरेश औगनेश जासु धारत सुध्यानजी ॥
ॐ ह्री जंबूद्वीपैरावते वर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो जल निर्वपामि ॥१॥
कपूर देवतारु चंदनादि गंध पावने ।
चढ़ावते समस्त पाप तापकों नशावते । जजामि० ॥
ॐ ह्री जम्बूद्वीपैरावते वर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यश्चन्दनं निर्वपामि ॥२॥
अखड शाल थालमें उजाल जोतवंत हैं ।
धरंत पुंज कर्म कुंज भर्मको हरंत हैं । जजामि ॥
ॐ ह्रीं जंबूद्वीपैरावते वर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो अक्षतान् निर्वपामि ॥३॥
सरोज केतुकी चमेली पुष्प भांति भांतिके ।
गूंथाय पूजियों सुदेव दाम पांति पांति के ॥ जजामि० ।
ॐ ह्री जम्बूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो पुष्प निर्वपामि ॥४॥

रथाल मोदकादि सद्यसार सुष्ट मिष्ट हैं।
निरोगता प्रकाश हेतु पूज सिष्ट इष्ट हैं ॥ जजामि० ।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो नैवेद्य निर्वपामि ॥५॥

अमोल दीपकों उदोत तास आरती करों ।
समस्त कर्म भर्म नाश ज्ञान भान विस्तरें। जजामि०।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो दीप निर्वपामि स्वाहा ॥६॥

दशांग धूप अग्नि माहि खेय हों हुलासों ।
सुधूम धूमके मनों नचै मचै सुवाससों ॥ जजामि०।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो धूपं निर्वपामि ॥७॥

सुपक्क और पुनीत आम्रकाम्रकादि ल्याइयो ।
चढ़ाय वीतराग मोक्ष थान हेतु पाइयो ॥ जजामि० ।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो फलं निर्वपामि ॥८॥

जजामि जंबू उत्तरे जिनेश वर्त्तमान जी ।
सुरेश औगनेश जासु धारत सुध्यानजी ॥

ॐ ह्री जंबूद्वीपैरावते वर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो जल निर्वपामि ॥१॥

कपूर देवतारु चंदनादि गंध पावने ।
चढ़ावते समस्त पाप तापकों नशावते । जजामि० ॥

ॐ ह्री जंबूद्वीपैरावते वर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यश्चन्दनं निर्वपामि ॥२॥

अखड शाल थालमें उजाल जोतवंत हैं ।
धरंत पुंज कर्म कुंज भर्मको हरंत हैं । जजामि ॥

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपैरावते वर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो अक्षतान् निर्वपामि ॥३॥

सरोज केतुकी चमेली पुष्प भांति भांतिके ।
गूँथाय पूजियो सुदेव दाम पांति पांति के ॥ जजामि० ।

ॐ ह्री जम्बूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो पुष्प निर्वपामि ॥४॥

रशाल मोदकादि सद्यसार सुष्ट मिष्ट हैं ।
निरोगता प्रकाश हेतु पूज सिष्ट इष्ट हैं ॥ जजामि० ।

ॐ ह्री जम्बूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो नैवेद्य निर्वपामि ॥५॥

अमोल दीपकों उदोत तास आरती करों ।
समस्त कर्म भर्म नाश ज्ञान भान विस्तरें । जजामि० ।

ॐ ह्री जम्बूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो दीपं निर्वपामि स्वाहा ॥६॥

दशांग धूप अग्नि माहि खेय हों हुलासों ।
सुधूम धूमके मनों नचै मचै सुवाससों ॥ जजामि० ।

ॐ ह्री जंबूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो धूपं निर्वपामि ॥७॥

सुपक्क और पुनीत आम्रकाम्रकादि ल्याइयो ।
चढाय वीतराग मोक्ष थान हेतु पाइयो ॥ जजामि० ।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो फलं निर्वपामि ॥८॥

जलादि अष्ट सुष्ट पुष्ट द्रव्य अर्घ में धरा ।
तुम्हें चढ़ाय नाथजी अनर्घ थान विस्तरा ॥ जजामि० ।

ॐ ह्री जम्बूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो अर्घं निर्वपामि ॥९॥

प्रत्येकार्घं ।

दोहा--बाल चंद समसुख बढ़त, बालचंद जिन जोय ।
जंबू ऐरावत विषैं, वरतमान जजि सोय ॥

ॐ ह्री बालचन्द्राय अर्घं निर्वपामि ॥१॥

सुव्रत सुव्रत देत नित, सेवत सुव्रत लोय ।
जंबू ऐरावत विषैं, वरतमान जाजि सोय ॥

ॐ ह्री सुव्रताय अर्घं निर्वपामि ॥२॥

करम काठ कों अग्नि सम, अग्निसेन जिनचंद ।
जजों जंबु ऐरावते वरतमान सुख कंद ॥

ॐ ह्री अग्निसेनाय अर्घं निर्वपामि ॥३॥

त्रिभुवन में आनॅद करन, नंद सेन सुखदेन ।
जंवैरावत वरत जाजि, कवि कुल काम दधेन ॥
ॐ ह्री नंदसेनाय अर्घं निर्वपामि ॥४॥

भव्यनि कों श्री देतवर, सुख सागर श्रीदत्त ।
नमों जंबु ऐरावतें, जजों सु जै वरदत्त ॥
ॐ ह्री श्रीदत्ताय अर्घं निर्वपामि ॥५॥

व्रतधारक नित नमत जिहिं, ऐसे व्रतधर देव ।
वरतत जंवैरावतें, करों तास पद सेव ॥
ॐ ह्री व्रतधराय अर्घं निर्वपामि ॥६॥

शोम सोम सम सुख सदन, शोमचंद जिन चंद ।
जजों जंबु ऐरावतें, वरतमान गुन कंद ॥
ॐ ह्री शोमचन्द्राय अर्घं निर्वपामि ॥७॥

धारें दीरघ दृष्टिवर, धृत दीरघ जिन देव ।
जंबैरावत वरतते, जजों ध्यान धरि एव ॥

ॐ ह्री धृतदीर्घाय अर्घं निर्वपामि ॥८॥

शत पुष्पक जिनवर जजों, शत पुष्पनि करिबीर ।
जंबैरावत वरतते, हरत मदन सर पीर ॥

ॐ ह्री शतपुष्पाय अर्घं निर्वपामि ॥९॥

सुख अनंत भोगत सदा, शिवशत नाम जिनेश ।
जंबैरावत संत जजि, सेवत शेष महेश ॥

ॐ ह्री शिवशतये अर्घं निर्वपामि ॥१०॥

श्रेय मार्ग उपदेशियो, जिन श्रियांश श्रीजुक्त ।

---

१ सस्कृत पूजामें 'शतपुष्पक' नाम लिखा है तसको कविने 'शतपुष्प' नाम समझ कर ऐसाही दोहे में गूथा है । खपुस्तक में भी ऐसाही पाठ है ।

जंबैरावत संत जाजि, दीजे भुक्त सुमुक्त ॥

ॐ ह्रीं श्रेयांशाय अर्घं निर्वपामि ॥११॥

श्रुति जलतें मल करम ध्वै, श्रुति[1] जल भरा पवित्र।
जंबैरावत संत जाजि, जै जिन त्रिभुवन मित्र ॥

ॐ ह्रीं श्रुतिजलाय अर्घं निर्वपामि ॥१२॥

बल अनंत संजुक्त श्री, सिंहसेन सुखदेन।
जंबैरावत वरत जाजि, दारिद दुरित रहेन ॥

ॐ ह्रीं सिंहसेनाय अर्घं निर्वपामि ॥१३॥

कीन क्रोध उपशांत जिन, लीन शांत उपशांत।
जंबैरावत सत जाजि, मिटत सकल भवभ्रांत ॥

ॐ ह्रीं उपशांताय अर्घं निर्वपामि १४।

---

१ सस्कृत पूजा के स्वयजल तथा स्वयंज्वल पाठ लिखा है कविने उसको श्रुतिजल नाम रक्खा है।

तीन गुप्त जुतजे धरैं, गुप्ताशन निज ध्यान ।
जंबैरावत संत जजि, गुप्ताशन भगवान ॥

ॐ ह्रीं गुप्ताशनाय अर्घं निर्वपामि ॥१५॥

वीरज विसद अनंत करि, डारे करम निर्वीर्य ।
जंबैरावत संत जजि, जै अनंत वरवीर्य ॥

ॐ ह्रीं अनतवीर्याय अर्घं निर्वपामि ॥१६॥

निजनिधि भव्यनि देतु हैं, आपु निकट सु बुलाय ।
जंबैरावत संत जजि, पार्श्वनाथ जिनराय ॥

ॐ ह्रीं पार्श्वनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥१७॥

श्री जिनवर अभिधान नित, भोगत परम निधान ।
जंबैरावत संत जजि, नमों जोर जुगपान ॥

ॐ ह्रीं अभिधानाय अर्घं निर्वपामि ॥१८॥

मरुत देव सेवत सदा, श्री मरुदेव जिनेश ।
जंबैरावत संत जजि, मेटत कुमति कलेश ॥
ॐ ह्री मरुदेवाय अर्घं निवपामि ॥१९॥

शोभा विमल विभूति जुग, धारैं श्रीधर सार ।
जंबैरावत संत जजि, तार तार अवतार ॥
ॐ ह्रीं श्रीधराय अर्घं निर्वपामि ॥२०॥

इंद चंद नागेंद जस, गावत सुरस सुकंठ ।
जंबैरावत संत जाजि, जै जिन श्याम सुकंठ ।
ॐ ह्रीं श्यामकठाय अर्घं निर्वपामि २१॥

विघन सघन वन दहन कौं, अगिन अग्निप्रभु पुष्ट ।
जंबैरावत संत जजि, द्यो शिव संपति सुष्ट ॥
ॐ ह्रीं अग्निप्रभाय अर्घं निर्वपामि ॥२२॥

दाहक करम कबंधके अग्निदत्त जिनराज ।
जंबैरावत संत जाजि, यह शिव सहज इलाज ॥

ॐ ह्रीं अग्निदत्ताय अर्घं निर्वपामि ॥२३॥

वीर धीर सेवत चरन, वीर सेन जिनचंद ।
जंबैरावत संत जजि, हरैं सकल दुखदंद ॥

ॐ ह्री वीरसेनाय अर्घं निर्वपामि ॥ २४ ॥

छद चौपाई--(मात्रा १५)

प्रथम मेरु ऐरावत सुन्दर । वरतमान जिन जजत पुरंदर ॥
चौविस जिनवर धरम धुरंधर । जजों ध्यान अपने उर मंदर ॥

ॐ ह्री जम्बूत्तैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो महार्घं निर्वपामि ॥ २५ ॥

जयमाला ।

छद घत्तानंद (मात्रा २३)

जै सदगुण जुक्ता, भवभय मुक्ता, आनंद भुक्ता, शुक्त वरा ।

दारिद् तम खंडा, भानु प्रंचडा, जे ब्रह्ममंडा, मंड करा ॥ १ ॥

छंद पाद्धड़ो--(मात्रा १६ लव्वंत)

जै वालचंद सुव्रंत व्रतेन, जै अग्निसेन अरु नन्दिसेन ।
श्रीदत्त जयति व्रतधर उदार । श्री शोमचन्द्र घृत दीर्घसार ॥ २ ॥
शतंपुष्प शिवसन श्रियांशदेव । श्रुति जल जै सिंह सुसेन एव ।
उपशाति सुगुप्तासन जिनिद । सुअनंतवीर्य प्रभु पार्श्वचद ॥ ३ ॥
अभिधान मरुत श्रीधर दयाल । जिनश्याम कंठ अगिनि प्रभाल ॥
जै अग्नि दत्त जै वीरसेन । तव गुन अनत कवि कह सकै न ॥४॥
शुचि वुद्धि सिंधु सिद्धांत पार । दुति मारतड परचडहार ॥
तन स्वेद रहित निरमल लसत । शुकसेत वरन समचतुर वंत ॥५॥
संस्थान प्रथम अति रूपवान । तन शौरभ शुभ लच्छन प्रमान ।
अतिवल प्रियवच भापतमहेश । दुरभिक्ष हरन नभगताजिनेश॥६॥

१ यहा पर कविवर ने अपने वनाये हुए छद में 'शतपुष्पक' 'नामको' भी विगाड़ कर शतपुष्प लिख दिया है । कपुस्तक में भी शतपुष्प ऐसाही पाठ है ।

जियबाधा विनुनित सुख लहंत । तरु फल फूलित शंका हरत ॥
मुख चार सरव विद्या अधीश। उनमेष रहित दृग जय जगदीश ७
नख केश वृद्धितें रहित सुष्ट । धुनि मागधि सब जिय प्रीति पुष्ट ॥
दिग शोभित भूतल मुकरजेम । मारुत सुगंध दायक सुखेम ॥८॥
गंधोदवृष्टि सुर रचत पद्म । फल भार शालि नुतशर्म सद्म ॥
निरमल अकाश सुरजय उचार। कवला अहार वर्जित निहार ॥९॥
वृषचक्र दिपै मंगल सुदर्व । वसुप्रातिहार्यनव लब्ध सर्व ॥
इत्यादि अनंत सुगुन निधान । " वृन्दावन " वंदत जोरि पान ॥१०॥

घत्ता--जै दीनदयाला, गुन मनिमाला, ऐरावतथित दीप यही ।
सुर नर मुनि वंदत, पाप निकंदत, दीजे मोकूं मुक्त मही ॥

ॐ ह्रीं-जम्बूद्वीपैरावते वर्त्तमानजिनेन्द्रेभ्यो महार्घं निर्वपामि ॥११॥

आर्याछंद—जो पूजै मानलाई, जंबू ऐरावते सुथित भाई ।
चौबीसों जिनराई, सो पावै भुक्ति मुक्ति ठकुराई ॥१२॥

इत्याशीर्वाद. ।

इति श्री जंबूद्वीपैरावतवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनपूजा समाप्ता ।

अथ जंबूद्वीप ऐरावतातीतचतुर्विं-शतिजिनपूजा प्रारभ्यते ।

इंद्रवज्रा—

नागेन्द्र के उत्तर भाग सोहे । ऐरावत क्षेत्र सुनेत्र मोहे ॥
तामें अतीतं जिनराज राजें । थापों तिन्हें मुक्ति समाज काजें ॥

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिना अत्रावतरत अवतरत संवौषट् ।
ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिना अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठःठः ।
ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिना अत्र मम सन्निहिता भवत भवत वषट् स्वाहा ।

अथाष्टक ।

वा—रमनीय जल दमनीय मल कमनीय कल शमनीय है ।
नीय दुख पमनीय सुप अमनीय रुप गमनीय है ॥

जै तीत त्रिभुवन मीत सुरगिर सीत ऐरावीत है।
धरि प्रीति ताहि जजीत परम पुनीत धरमलहीत है॥
ॐ ह्री जम्बूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो जल निर्वपामि।

भवताप, विकल कलाप, रुज संताप, आपु बिनाशिया।
मोकों करो, निजसम, जगतमैं, जजहु गंध सुवासिया॥जै तीत०।
ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यश्चदनं निर्वपामि॥२॥

अति सेत द्रग छवि देत मलय समेत तंदुल लेत है।
धरि पुंज हरि कलि कुंज जगजसगुंज शिव भुंजेतहैं। जैतीत०।
ॐ ह्री जम्बूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो अक्षतान् निर्वपामि॥३॥

जगशूल मनमथ धूलकों निरमूल तुम सम कूलये।
यह फूललै सुखमूल पूजों भूल मेटि अतूलये॥ जैतीत०।
ॐ ह्री जम्बूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो पुष्पं निर्वपामि॥४॥

प्राशुक सुरस मृदु नयन मन रंजित विभंजित है छुधा ।
नैवेद्य सों निरखेदतें निरखेद पद पावत बुधा । जैतीत त्रिभुवन० ।
ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो नैवेद्य निर्वपामि ॥५॥

तमखंड दुति ग्रहमंड मांडि अखंड दीप समंडिया ।
परचंड मोह विहंडि केवल मारतंड उमंडिया । जैतीत० ।
ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो दीपं निर्वपामि ॥६॥

दशगंध धूप अनूप लै शिव भूप सनमुख खेय हों ।
दहि करम भरम मरम जानित निज, परम धरम सुचेय हों ॥ जैतीत०।
ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो धूपं निर्वपामि ॥७॥

फल सकल अकल ललित मलित मल दलित दालिद दीनता ।
सुख फलित कलित अचलित पद उछलित शिव अमलीनता । जै०।
ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यः फलं निर्वपामि ॥८॥

आनंद कंद जिनंद चंद अमंद वंदन कीजिये ।
वसु दरव छंद सुछंद दै निरफंद थानक लीजिये । जैतीत० ।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपैरावतातीतचतुर्विंशतिजिनेभ्यो अर्घं निर्वपामि ॥९॥

अथ प्रत्येकार्घं ।

छंद चौपाई–(मात्रा १५)

कल्यानक पांचो जिन पाय । पंच रूप सो जिन सुखदाय ।
जंबू ऐरावत गत मोख । जजों मोहि समकित रस पोख ॥

ॐ ह्रीं पंचरूपाय अर्घं निर्वपामि ॥१॥

नाना जन सेवें जसु पाय । श्रीजिनधर सो मोहि सहाय । जंबू० ।

ॐ ह्रीं जिनधराय अर्घं निर्वपामि ॥२॥

शमता धरें धरासमधीर । सांप्रतीक सो गुन गंभीर ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं सांप्रतीकाय अर्घं निर्वपामि ॥३॥

दुर्जय जीति फुरी सद्वीर्य। सो जिन उर्ज्जयंत जुत धीर्य॥जंबू० ।

ॐ ह्रीं उर्ज्जयंताय अर्घं निर्वपामि ॥४॥

छायक नवों लब्धि लहि जेह । आधि छायक जिनवर हैं तेह ॥ जंबू।

ॐ ह्रीं अधिक्षायकाय अर्घं निर्वपामि ॥५॥

जगदानंद देत अविकार। अभिनंदन जिन जगदाधार॥ जंबू०।

ॐ ह्रीं अभिनदनाय अर्घं निर्वपामि ॥६॥

रतन तीनके ईश महान । सो रतनेश नाम भगवान ॥ जंबू०।

ॐ ह्रीं रत्नेशाय अर्घं निर्वपामि ॥७॥

शिव रामाके ईसुर जेह । रामेसुर जिन कहियत तेह ॥ जंबू०।

ॐ ह्रीं रामेश्वराय अर्घं निर्वपामि ॥८॥

पांचों तन जिनकीनो भंग। अंगोत्थित जिनसो शिवसंग॥ जंबू०।

ॐ ह्रीं अंगोत्थिताय अर्घं निर्वपामि ॥९॥

धरमविधान बतायो सार। सो विन्याश देव अविकार ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं विन्याशाय अर्घं निर्वपामि ॥१०॥

रागद्वेप हत पोखें धर्म । सो अरोष जिन द्यौ शिवशर्म ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं अरोपाय अर्घं निर्वपामि ॥११॥

नाना विधि विधान शिवभाप । सो सुविधान नाम अभिलाप ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं सुविधानाय अर्घं निर्वपामि ॥१२॥

अपुनरभव दिढवृत्तव्रताय । सो जिन विप्रदत्त सुखदाय ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं विप्रदत्ताय अर्घं निर्वपामि ॥१३॥

काम कुमति करि हरिसम धीर । श्रीकुमार जिनवर वरवीर ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं कुमाराय अर्घं निर्वपामि ॥१४॥

प्रगट गुरूगुन गिरि समजान । सो जिन सर्वशैल उरआन ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं सर्वशैलाय अर्घं निर्वपामि ॥१५॥

अतिशय परम मुनिन कहदेत । सो परभंजन जिन भवसेत ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं प्रभंजनाय अर्घं निर्वपामि ॥१६॥

जसु जसरास भऱ्यो जगमेव । सो सौभाग्न शुभाकृत देव ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं शौभाग्नाय अर्घं निर्वपामि ॥१७॥

कुमति छपातम मर्द्दन कीन । नाथ दिवा¹कर परम प्रवीन ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं दिवाकराय अर्घं निर्वपामि ॥१८॥

विमल व्रतनि के सागर सार । श्रीव्रतविंदु भवोदधि तार ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं व्रतविंदवे अर्घं निर्वपामि ॥१९॥

सिद्ध करत भविजन के काज । सिद्ध²सुकर्त्ता श्रीमहाराज ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं सिद्धकर्त्रे अर्घं निर्वपामि ॥२०॥

महाज्ञान प्रकट्यौ ननधीर । सो जिनवर हैं ज्ञान शरीर ॥ जंबू० ।

ॐ ह्रीं ज्ञानशरीराय अर्घं निर्वपामि ॥२१॥

---

१ । संस्कृत पूजामें 'दिनकर' नाम है । कविवरकी कविता में दिनकर शब्द आया नहीं इसलिये 'दिवाकर' नाम रख दिया है । (२) संस्कृत पाठमें 'सिद्धिकर' नाम है । कविवरने, सिद्धसुकर्त्ता नाम बनाया है ।

बांछितार्थ सुख दायक जोय । कलपद्रुम जिनवर हैं सोय ॥ जंबू॰ ।

ॐ ह्रीं कलद्रुद्रुमाय अर्घं निर्वपामि ॥२२॥

जसु तीरथ सार्थक फलदेत । सो तीरथ[1] फल सुगुननिकेत ॥ जंबू॰ ।

ॐ ह्रीं तीर्थफलाय अर्घं निर्वपामि ॥२३॥

जासु प्रभा जग रमत सुहात । सो वीरम[2] मम रक्षक ख्यात ॥ जंबू॰ ।

ॐ ह्रीं वीरमप्रभाय अर्घं निर्वपामि २४॥॥

मोदकछंद प्रस्तार (ऽ॥ऽ॥ऽ॥ऽ॥ वरन २१)

पूरन अर्घ बनाय मनोहर । पूजत हौं प्रभुजी भय मौहर ॥

---

१ मूलमें तीर्थनाथ नाम है कविवरने अपनी कविता में 'तीर्थफल' नाम बना दिया । २ कविवरके हाथकी लिखी प्रतिके छंदमें तो 'सो वीरम मम' ऐसा लिखा है और मन्त्रमें वीरमप्रभ लिखा है और संस्कृत मूलमें चौईसवें तीर्थका नाम 'फलेश' लिखा है ।इस कारण हमने मन्त्रमें फलेशाय बनाया है ।

मेरु सुदर्शन को ऐरावत । तीत जजैं शिव संपाति पावत ॥

ॐ ह्रीं जम्ब्वैरावतातीतचतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यो महार्घं ।

अथ जयमाला ।

घत्ताछंद—भवविपाति विमुक्ता, ।शिवपद जुक्ता भुक्ता शुक्ताशर्म वरा ।
मद मदन विहंडन, दारिद खंडन, आँनँद मंडन पर्मपरा ॥१॥

मोतीदाम छंद--

नमों जिन पंचसरूप महान । जिनंधर आतम ज्ञान बखान ॥
नमों नित सांप्रतिकाय अमद । सदाजय उज्जयथंत सुछंद ॥२॥
अधिह्वभिनंदन रत्न सुईश । रमेसुर जैति अंगोज्झित धीश ॥
नमों विनयांश अरोप जिनेश । नमों सुविधान सुविप्रदतेश ॥३॥
कुमार नमों सब शैल प्रभंज । नमों सब भाग दिवाकर कंज ॥
सदा व्रतविदु करों परनाप । करै सब सिद्ध जथा पदनाम ॥४॥
नमो जिन ज्ञानशरीर अनंत । सदा कलपद्रुम शर्मकरंत ॥

नमों नित तीर्थफली भगवंत। सदा विरमप्रभ विघ्न हरंत ॥५॥
विशुद्ध बुधार्णव वर्द्धनचंद। विवेक सरोज प्रमोद दिनंद ॥
सुरेश नरेश खगेश फनेश। गनेशनमें धरि प्रीति अशेश ॥६॥
किये जगजंत अनत उधार। वखानत जासु लहै नहिं पार।
दयावृष तत्त्व बखान जिनेश। कियो शिवमंदिर माहि प्रवेश ॥७॥
अनत गुनाकर एक सरूप। नमों नित चित्त विषैं शिवभूप ॥
बुलाय प्रभु हमकौं निजपास। तुरंत मिलै शिव सम्पत्ति रास ॥८॥

घत्तानद–जैजै जिनस्वामी, त्रिभुवन नामी पंच सुरूपादिक निपुनं।
जंबू ऐरावत, तीत कहावत, गुन अनंत मुनिवृंद थुनं ॥

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपैरावतातीतजिनेभ्यो महार्घं निर्वपामि ॥९॥

शोरठा–जो पूजै मनलाय, जंबैरावततीत जिन।
सो सुरनर पदपाय, अनुक्रम शिव तियकों वरै ॥ इत्याशीः।

इति श्री जम्बूऐरावतातीतपूजा समाप्ता।

अथ जंबूऐरावतभावीचतुर्विंशतिजिनपूजा ।

अडिल्ल–प्रथममेरु उत्तर ऐरावत जानिये ।
होनहार चौबिस जिनेसुर मानिये ॥
थापों इत चित लाय सुपूजन कारने ।
हे प्रभु तिष्ठो आय भवोदधि तारने ॥

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपैरावतभावीचतुर्विंशतिजिना अत्रावतरत अवतरत संवौषट् ।
ॐ ह्रीं जंबूद्वीपैरावतभावीचतुर्विंशतिजिना अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः ।
ॐ ह्रीं जंबूद्वीपैरावतभावीचतुर्विंशतिजिना अत्र मम सन्निहिता भवत भवत वषट् ।

अथाष्टक ।

रेखता–

अमल जल धारिकें झारी । धार त्रय देत अविकारी ॥

प्रभू सुनके अरज म्हारी । करम मल मेटि दुखकारी ॥
प्रथम गिरि उत्तरं जानों । सुखद एरावतं मानों ॥
भविष्यत सार चौवीशी । जजों जिन ज्ञानमें दीशी ॥

ॐ ह्रीं जंवूद्वीपैरावते भावीजिनेभ्यो जल निर्वपामि ॥१॥

केदली नंदघासि चंदन । करों जिन चंद पद बंदन ॥
हरो दुखदंद भौ फंदन । करो आनंद जग बंदन ॥ प्र० भ० ।

ॐ ह्रीं जंवूद्वीपैरावते भावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यश्चन्दनं निर्वपामि ॥२॥

अखंडी शालिशित डंडी । सुमंडी पुंज दुति चंडी ॥
विहंडी विघ्न की मंडी । उमंडी शौख्य ब्रहमंडी ॥ प्र० भ० ।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावते भावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यो अक्षतान निर्वपामि ॥३॥

सुमन मन घ्रानको रंजै । सुमनमथ जंगकों भंजै ॥
धरत ढिग पुंज अलिगुंजै । सुजस सुखशील भविभुंजै ॥ प्र० भ० ।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावते भावीचतुर्विंशतिजिनेभ्य पुष्प निर्वपामि ॥४॥

तुरत नैवेद्य ले नीके । मधुर रस पूरितें घीके ॥
करन निरवेद पदवीके । धरों उरध्यान श्रीजीके ॥ प्र० भ० ॥

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावते भावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यो नैवेद्य निर्वपामि ॥५॥

सुजग मग दीप उजियारा । प्रभू तनमें लखे सारा ॥
मनो यह ध्यान शिखि धारा । दहत वसुकर्म कंतारा ॥प्र०भ०॥

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावते भावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यो दीप निर्वपामि ॥६॥

दशंगी गंध बहुरंगी । वरंगी वन्हिमें चंगी ।
उखेयें धूम मिसि नाचे । दहत अरि कर्मकों माचे ॥ प्र० भ० ।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावते भावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यो धूप निर्वपामि ॥७॥

विघ्न तरु निघ्न के करता । समरचों मुक्त तीभरता ॥
परम फल पक्करस गरता । नयन मनमोद आदरता ॥प्र० भ०॥

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावते भावीचतुर्विंशति जिनेभ्यः फलं निर्वपामि ॥८॥

दरवलै अष्ट परकारा । अरघ तसु सुष्ट करधारा ।
करो भवभाव निरवारा । शरन जगराज मैं धारा ॥
प्रथम गिरि उत्तरें जानों । सुखद ऐरावतें मानों ।
भविष्यत सार चौबीसी । जजों जिन ज्ञानमें दीसी ॥

ॐ ह्री जम्बूद्वीपैरावते भावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यो अर्घं निर्वपामि ॥१॥

अथ प्रत्येकार्घ ।

इन्द्रवज्रा तथा उपेन्द्रवज्राछद—

सिद्धार्थदेवं सव सिद्धकर्ता । सिद्धप्रियं सर्व समृद्ध भर्ता ।
जबू महैरावत होनहार । पूजों चतुर्विंशति देव सार ॥

ॐ ह्री सिद्धार्थाय अर्घं निर्वपामि ॥१॥

अंतर्वहिः सर्वकलंक चूरे । श्रीदेवदेवं विमलेस पूरे ॥ जंबू०॥

ॐ ह्रीं विमलाय अर्घं निर्वपामि ॥२॥

कर्मारिकों जीति विजैसु पायो। जै घोषनामा जगमें कहायो॥जंबू०॥

ॐ ह्रीं जयघोषाय अर्घं निर्वपामि ॥३॥

आनंद सेनं धृत पर्म शर्मं। जगद्गुरूर्वीतित कर्मभर्मं॥ जंबू०॥

ॐ ह्रीं आनंदसेनाय अर्घं निर्वपामि ॥४॥

श्रीस्वर्ग संमंगल देव मोहे। उत्पत्ति में मंगल स्वर्ग होहे॥जंबू०॥

ॐ ह्रीं स्वर्गमंगलाय अर्घं निर्वपामि ॥५॥

वज्रेश जाको नित नाम ध्यावें। जिनेश सो वज्रधरं कहावें॥जंबू०॥

ॐ ह्रीं वज्रधराय अर्घं निर्वपामि ॥६॥

निर्वाणको मार्ग जिन्हों प्रकाशे। निर्वाण सो मार समस्त नाशे।जंबू

ॐ ह्रीं निर्वाणाय अर्घं निर्वपामि ॥७॥

---

१ संस्कृत मूल पाठमें चौथे तीर्थंकरका नाम 'नंदिसेन' है कविवरने उसकी जगह 'आनंदसेन' नाम रक्खा है।

सुकोशलेसं सुगुनं अनंते । आभ्यंतरे कोशविषै धरंते ॥ जंबू०॥

ॐ ह्रीं सुकोशलाय अर्घं निर्वपामि ॥२०॥

अनंत संसार जिन्हों विनाशे । अनंतस्वामी गुननंतराशे । जंबू० ॥

ॐ ह्रीं अनंताय अर्घं निर्वपामि ॥२१॥

अष्टादशों दोषनिवार डारे । सोई जिनेसं विमलं हमारे ॥ जम्बू० ॥

ॐ ह्रीं विमलाय अर्घं निर्वपामि ॥२२॥

नमों सदा अमृतसेन स्वामी । विज्ञान वारानिधि पारगामी ॥जम्बू०।

ॐ ह्रीं अमृतसेनाय अर्घं निर्वपामि ॥२३॥

ध्यानाग्नि में कर्म सुकाठ जारे । श्री अग्निदत्त भविवृन्दतारे जंबू०।

ॐ ह्रीं अग्निदत्ताय अर्घं निर्वपामि ॥२४॥

अथ जयमाला—

जंबूसुमाद्रिऐरावतक्षेत्रगाजे । तामें भविष्यत जिनेश जितेविराजे ॥

पूज़ों तिन्हें भगतभाव हिए धराई। पूर्णार्घसों तुरित भुक्त सुमुक्तदाई
ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपैरावते भावीचतुर्विंशतिजिनेभ्यो महार्घं निर्वपामि ॥२८॥

जयमाला।

घत्ताछंद—

जयविपतविहंडित, शिवमगमंडित, अतिथ अखंडित, शुद्धमती।
निजनिधि वरदायक, सब विधिलायक, जे निज नायक, बुद्धपती॥१॥

तोटक छंद—

जय सिद्ध सुअर्थ जिनद्वरा। विमलं जयघोष अदोष करा॥
जय नंद सुसेन अनंत मती। जय स्वर्ग सुमंगल बाल जती॥२॥
जय वज्रधरं निरवान महा। जयधर्म धुजी सिद्धसेनकहा॥
महसेन नमों रवि मित्रपदं। सतसेन सुचंद जिनंद सदं॥३॥
महचंद श्रुतांजन नायक हैं। मम देव सुसेन सहायक हैं॥
जय सुव्रत नौमि जिनिंद सदा। प्रणमामि सुपार्श्व प्रमोद ददा॥४॥

जगनंदन सुकोशलदेव नमं। सु अनन्त नमों विमल प्रशमं ॥
स्वरदामृतसेन जिनिंद नमों। जय अग्निसुदत्त कलंक दमों ॥५॥
तुम मंगल मूरत देव वरा। तिन सेवत शक्र सुचक्र धरा ॥
गुन शारद नारद गान करें। भव वारिद पारद पाय परें ॥६॥
गिरि आदिक साधन भाषिय है। जस गावत आनंद पाविय है ॥
शरनागत पालन जानि सही। भवि "वृंद" गही चरनाम्बुजही ॥७॥
घत्ता—जयजय मुक्तसाधन, भव भयबाधन, नित आराधन, साधगनं।
ब्रह्मादिकसेवन, नितगुनवेवन, आनंदव्वेवन, मुक्त मनं ॥ पूर्णार्घ्यं ॥

[illegible] ([illegible] १३)

होनहार जिनराज सेवई। जेतु उत्तम यशवंत जई ॥
सो समस्त सुख भोगि के यहां। धर्म शर्म भवि लेहु है उहां ॥१॥

इत्याशीर्वादः।

इति श्री अनागतचौबीसी तीर्थंकरजिनपूजा समाप्ता ॥

अथ धातुकीद्वीपपूर्वविजयमेरुसम्बंधिविदेहस्थ-चतुर्विहरमानजिनपूजालिख्यते।

छंद सुदरी–

दुतिय द्वीप सुपूरब मेरुके। विहरमान जु चार सुदेर के॥
तिनहिं थापतु पूजन कारने। प्रभु हमें भव सागर तारने॥

ॐ ह्री धातुकीविजयमेरुविदेहसस्थितविहरमानचत्वार' जिना अत्रावतरत अवतरत संवौषट्।

ॐ ह्रीं धातुकीविजयमेरुविदेहसस्थितविहरमानचत्वारः जिना अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः।

ॐ ह्री धातुकीविजयमेरुविदेहसंस्थितविहरमान चत्वार जिनाःअत्रमम सन्निहिता भवत भवत वषट्।

अथाष्टक।

(चाल द्यानतरायजी कृत नंदीश्वराष्टक की अनेक रागों में) यथा–

छीरोदधि सो सुरराय, नित प्रति सेव करै।

प्रभुपो पै सो न सोहाय, लाजनि पाँय परे ॥

संजातक आदि जिनन्द, चारों सुखकारी ।

गिरि विजय विदेह सुछंद पूजत नरनारी ॥

ॐ ह्रीं धातुकीखण्डमेरुचत्वारःविदेहस्थविद्यमानजिनाः संजातस्वयंप्रभऋषि-भाननअनंतवीर्यतीर्थंकरेभ्यो जलं निर्वपामि ॥ १ ॥

सुरपति अति प्रीति बढ़ाय, दिव्य सुगंध धरें ।

हमचंदन चरन चढ़ाय, भव आताप हरें । संजातक० ॥

ॐ ह्रीं धातुकीखण्डमेरुचतुर्विदेहस्थविद्यमानजिनसंजातस्वयंप्रभऋषभा-नन अनंतवीर्यतीर्थंकरेभ्यो चन्दनं निर्वपामि ॥ २ ॥

सित वासित वासमनीय, हामित सेत कलं ।

सुखगामित पुञ्ज धरीय, नाशित पापमलं ॥ संजातक० ॥

ॐ ह्रीं धातुकीखण्डमेरुचतुर्विदेहस्थविद्यमानजिनसंजातस्वयंप्रभऋषभान-न अनंतवीर्यतीर्थंकरेभ्यो अक्षतान् निर्वपामि ॥ ३ ॥

वृंदार इंद मंदार सुमन चढ़ावत हैं ।
हम फूलनि पूजि उदार, शील चढ़ावत हैं ॥ संजातक०

ॐ ह्री धातुकीविजयमेरुचतुर्विदेहस्थविहरमानजिनसजातस्वयमभऋपिभाननअनंतवीर्यतीर्थंकरेभ्यः पुष्प निर्वपामि ॥ ४ ॥

सुरनायक अमृत रास पास धराय जजैं ।
हम नेवज मिष्ट सुवास, पूजहिं दुख भजैं ॥संजातक० ।

ॐ ह्री धातुकीविजयमेरुचतुर्विदेहस्थविहरमानजिनसंजातस्वयंमभऋपिभाननअनंतवीर्यतीर्थंकरेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामि ॥ ५ ॥

मनि दीप शचीपति लेय, आरति भक्त करै ।
यह दीप धरों उमगेय, संशय भाव हरै ॥ संजातक० ।

ॐ ह्रीं धातुकीविजय मेरुचतुर्विदेहस्थविहरमानजिनसंजातस्वयंमभऋपिभाननअनंतवीर्यतीर्थंकरेभ्यो दीपं निर्वपामि ॥ ६ ॥

दिवगंध सुगेश अशेष, खेवत भाव धरं ।
हम धूप उखेय महेश, ज्यों अरि कर्म जरें ॥ मंजातक० ।

ॐ ह्रीं धातुकीखिण्डमेरुचतुर्विदेहस्थविहरमानजिनसंजातस्वयंप्रभऋषिभानन अनंतवीर्येश्वरेभ्यो धूपं निर्वपामि ॥ ७ ॥

फल पक सुगंधम सार, वासव आनि धरे ।
हम पूजत फल भरि थार, विघन समूह टरे ॥ सजातक०

ॐ ह्रीं धातुकीखिण्डमेरुचतुर्विदेहस्थविहरमानजिनसंजातस्वयंप्रभऋषिभानन अनंतवीर्येश्वरेभ्यो फलं निर्वपामि ॥ ८ ॥

वसु दरव अनूपम आन, इंद्र चढावत हैं ।
हम अरघ जजें धरि ध्यान शर्म बढावत हैं ॥ संजातक० ।

ॐ ह्रीं धातुकीखिण्डमेरुचतुर्विदेहस्थविहरमानजिन संजातस्वयंप्रभऋषिभानन अनंतवीर्येश्वरेभ्यो अर्घं निर्वपामि ॥ ९ ॥

प्रत्येकार्घ ।

शोरठा--संजातक रवि अंक, सीतोत्तर अलकापुरी ।
देवसेन सुनिशंक, जजों देव सेना. तनुज ॥

ॐ ह्रीं धातुकीखडपूर्वविजयमेरुसीतोत्तरानेकशोभाविराजमानपट्खडमडल-मडितअलकापुरी तत्र विरह्मानभगवान श्रीसंजातकाय अर्घ निर्वपामि ।

दोहा--शसि लच्छन पग स्वयं प्रभु, सीता दच्छिन ख्यात ।
मित्रभूत विजयानगर, जजों सुमंगल मात ॥

ॐ ह्री धातुकीविजयमेरुसीतादच्छिणानेकशोभाविराजमानविजयानगरस्थ-श्रीस्वयंप्रभाय अर्घ निर्वपामि ॥२॥

पद्धड़ी छद--

रिषभानन हरि पग में सुहात । कीरत नृप वीर सुसेन मात ॥
सीतोदा दच्छिन में प्रमान । जजि नगर सुशीमा गुन निधान ॥

ॐ ह्रीं धातुकीखंडविजयमेरुसीतोदादक्षिणसुसीमानगर अनेकशोभाविराजमानविद्यमान श्री विशालनाथ अर्घं निर्वपामि ।

चौ०–मेघराय सुत मंगल जननी । श्री अनंत वीरजगजतननी ॥
सीतोदा उत्तर उर धरनी । जजौं अजोध्या भवसर तरनी ॥

ॐ ह्रीं धातुकीखंडविजयसीतोदाउत्तरअयोध्यानगरस्थ विद्यमानजिनश्रीअनंतवीराय अर्घं निर्वपामि ॥४॥

छंद चौपाई—

श्रीपत तीरथनाथ नमामी, मेरु विजै मुनिंद्र महामी ।
चारित संघ समोशृत माहीं पूजत पूरन आनँद पाहीं ॥

ॐ ह्रीं धातुकीविजयमेरुसनानिर्मितविंशत्यविद्यमानजिनसंजातस्वयंप्रभुऋषिभाननअनन्तवीर्यतीर्थंकरेभ्यो महार्घं निर्वपामि ॥५॥

अथ जयमाला ।

घत्ता–जै जै जिन सुंदर, गुनगनमंदर, जगजतपुरंदर धर्मधरा ।

संशयमतवर्जन, शिवमगशर्ज्जन, नितधुनिगर्ज्जन, मेघवरा ॥१॥

कामिनीमोहन छद–

जयति जिनचंद आनद अमृत करन ।
जयति जिनभानु भवि कमल मोदति करन ॥
जयति जिनमेघ कल्यान वारिद भरन ।
जयति जिन समवशृतातिथि अमित दुति धरन ॥१॥
जयति जिन परम वृष तत्त्व उद्धित करन ।
जयति जिन दिव्य लक्ष्मी लसित शित चरन ॥
हरत भवि शोकतर सुमन नभते परत ।
दिव्य वानी सुनत भविक भवसर तरत ॥ २ ॥
चमर जॅहॅ अमर ढारत सुसिंघाशनं ।
देहकी कांति भवशांति प्रतिभाशनं ॥
दुन्दुभीनाद शिर छत्र अनुपम लसत ।
ज्ञान दृग शर्म वीरज अनते वसत ॥ ३ ॥

गुन अगम आपुके कौन बरनन करै ।
इंद गनइंद लज्जित सुपांयन परै ॥
थिगिर थिगि थिगुर तुव भगतमें माचही ।
ततथता अततता ग्रुंगत गन नाचही ॥ ५ ॥
झननन झननन नूपुरै बाजहीं ।
किनिनिनि किनिनिनि किंकिनी छाजहीं ॥
तामद्दि ममामद्दि मारगि धुनि करत है ।
द्रिम द्रुदिम धिधिधिधि मुरज आदरत है ॥ ६ ॥
ताल कंसाल करनाल बीनादि लै ।
ममसुर सहित बाजै सुमद लय मिलै ॥
करत गुनगान अमलान भगवानके ।
कोई जय गरत ध्यावत अमर थानके ॥ ७ ॥
केइ मुनि होत केइ मोपगुर जात हैं ।
आपुके निकट अद्भुत मनोवान हैं ॥

धन्य तुमदेव धनी थान सोहै सही।

नमत तुमकौ मिलत परम पदकी मही ॥ ७ ॥

घत्ता-जैजिनगुनमंडित, अमल अखंडित, नितनुतपंडित, प्रीतिधरैं।

चारों सुखदायक, विघन विनायक, दास सहायक, पापहरैं ॥

ॐ ह्रीं धातुकीविजयमेरुचतुर्विदेहस्थविरहमानजिनसंजातस्वयंप्रभऋषभाननअनंतवीर्यतीर्थंकरेभ्यो महार्घं निर्वपामि ॥८॥

छंद सवैया तथा कवित्त--(मात्रा ३१)

विजय मेरुके शुभ विदेह में, चारों तीर्थंकर अविकार।

समवसरन रचना जुत राजत, कबहुंक करत जिनेश विहार ॥

तिनके पदपंकज कों पूजे जो प्रानी गुनमाल उचार।

समकित सहित भोग इंद्री. सुख अति इन्द्री सुखलहै अपार ॥८॥

इत्याशीर्वादः।

इति श्रीविजयमेरुसम्बंधीचतुर्विंहरमानजिनपूजा समाप्ताः।

अथ विजयमेरुभरतवर्त्तमानचतुर्विंशति-जिन पूजा प्रारम्भ्यते ।

पाइता छंद-(मात्रा १४)

दुति धातुकी दीप प्रमानों । गिरि विजय सुदक्षिन मानों ।
जिन वरतमान चवबीसं । इत थापतु हौं जगदीशं ॥

ॐ ह्रीं विजयमेरुभरतवर्तमानचतुर्विंशतिजिना अत्रावतरत अवतरत संवौषट् ।

ॐ ह्रीं विजयमेरुभरतवर्तमानचतुर्विंशतिजिना अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः ।

ॐ ह्रीं विजयमेरुभरतवर्तमानचतुर्विंशतिजिना अत्र मम सन्निहिता भवत भवत वषट् ।

अथाष्टक ।

द्रुतविलम्बित तथा सुन्दरी छंद-

निगमनीर गहीर सुन्हावजी । कल्म धार कलंक नशावजी ।
विजय दक्षिन भारत दक्षिये । वर्तमान जिनेसुर पूजिये ॥

ॐ ह्री विजयमेरुभरतवर्त्तमानचतुर्विशतिजिनेभ्यो जल निर्वपामि ॥२॥

कदलि नंदन चंदन वावनं । भजि जिनंद सुदंद नशावनं ॥ वि० ।

ॐ ह्री विजयमेरुभरतवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनभ्यश्चन्दन निर्वपामि॥१॥

शितनिशेश हिमामिय तन्दुलं । धरत पुंज अमंदन दंदलं ॥वि० ।

ॐ ह्री विजयमेरुभरतवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेभ्यो अक्षतान निर्वपामि ॥३॥

समरशूल निमूलन कारनें । सुमन शौरभि ले करि धारनें ॥वि०।

ॐ ह्री विजयमेरुभरतवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेभ्यः पुष्पं निर्वपामि ॥४॥

रुजक्षुधा तुमनें चकचूरिया । धरत हौं चरु लै रस पूरिया ॥ वि०।

ॐ ह्री विजयमेरुभरतवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेभ्यो नैवेद्य निर्वपामि ॥५॥

तुवविमोहविनाशक मैं लखा।जजातिदीप निजानंदकों चखा। वि०।

ॐ ह्री विजयमेरुभरतवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेभ्यो दीप निर्वपामि ॥६॥

अगर चंदन धूप सुधूमकै । हवत कर्म उड़े जरि घूमके । वि० ।

ॐ ह्रीं विजयमेरुभरतवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेभ्यो धूपं निर्वपामि ॥७॥

परम पावन आनि फलावली। दिगधरों मोहितार उतावली॥वि०

ॐ ह्रीं विदेहक्षेत्रस्थवर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेभ्यः फलं निर्वपामि ८॥

अरघ मैं तुम सन्मुख लेत हों। भवसमुद्र जलंजलि देतहों॥ वि०

ॐ ह्रीं विदेहक्षेत्र वर्त्तमानचतुर्विंशतिजिनेभ्योऽर्घं निर्वपामि ॥९॥

प्रत्येकार्घ।

नाराच छंद- युगादि देव ध्याइये सदैव शीश नाइये।

अनादि भूल भाव त्याग आपु शुद्ध पाइये॥

तृतीयदीप पूर्वमेरु भर्त्तवर्त्तमान हैं।

जजों जलादि सों तिन्हैं सुमुक्त मुक्तदान हैं॥

ॐ ह्रीं युगादिनाथ अर्घं निर्वपामि ॥१॥

सिद्धांत शुद्ध साधियो सिद्धांत देवने सही।

समिन्द्र सिद्ध देत हैं अनंत धर्मको मही॥ तृतीय०॥

ॐ ह्रीं सिद्धांताय अर्घं निर्वपामि ॥२॥

महेशनाथनें अशेष वस्तुकों विलोकिया ।
तिसी प्रकार भासियो गनिंद इंद धोकिया ॥ दुतीय०।
ॐ ह्रीं महेशनाथाय अर्घं निर्वपामि ॥३॥

सदैव हैं सहाय पर्म शर्म मार्ग जानको ।
मुनिंद वृंदकर्त्त हैं सुपर्म अर्थ ध्यानको ॥ दुतीय० ।
ॐ ह्रीं परमार्थाय अर्घं निर्वपामि ॥४॥

नरेश और सुरेश श्रीगनेश जाहि ध्यावहीं ।
वरं सुसेनके सुकीर्त्ति किन्नरिंद गावहीं ॥ दुतीय० ।
ॐ ह्रीं वरसेनाय अर्घं निर्वपामि ॥५॥

सुभव्यकौं भवाब्धितें उधारकों सुधीर हैं ।
जिनेश श्रीसमुद्धर नमों नमों सुवीर हैं॥दुतीय० ।
ॐ ह्रीं समुद्धराय अर्घं निर्वपामि ॥६॥

---

१ संस्कृत पूजामें पाचवें भगवानका 'वरसेन' नाम नहीं है 'समुद्धर' है । किंतु अठारवे तीर्थंकर 'त्रिपुष्टि' है तो कविवरने ग्रहण नहीं किया है ।

नरिंद औ सुरिंद नाग इंद चंद सेवहीं ।
जिनेश भूषेग्याकों अशेस धर्म वेवहीं ॥ तुतीय० ।
ॐ ह्रीं भुजगनाथाय नमः निर्वपामि ॥७॥

सुबोध भानुतें त्रिलोक को प्रकाश कर्त्त है ।
उदोतनाथ जी सुधर्म कर्म भर्म हर्त्त है ॥ तुतीय० ।
